Worksheet - 1

Class - 4 Section A-F

Subject Hindi

निर्देश:- कृपया अभिभावकों से अनुरोध है कि नीचे लिखे पाठ के गद्यांश को पढ़कर बच्चों से प्रश्नों के उत्तर लिखवायें।

पाठ - 6 गुरु नानक देव

सिख धर्म के आदि गुरु एवं प्रवर्तक गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक मास की पूर्णिमासी के दिन सम्वत् 1468 ई० में पंजाब के तलवंडी गाँव में एक साधारण क्षत्रिय परिवार में हुआ था। गुरु नानक देव के पिता का नाम कालूचंद खत्री और माता का नाम तृप्ता था। गुरु नानक देव बचपन से ही ईश्वरवादी थे। वे सदैव भगवत् विचारों में खोए रहते थे। इनका मन कभी पढ़ने-लिखने में नहीं लगता था। यह हमेशा परोपकार करने की सोचा करते थे। छोटी सी आयु में ही यह महात्माओं तथा ज्ञानियों की संगत में रहे। जब इनके पिता ने देखा कि इनका मन पढ़ाई-लिखाई में नहीं लग रहा, तो उन्होंने इन्हें बीस रुपये दिए और कहा कि जाओ कोई व्यापार कर लो।

प्र०1 रिक्त स्थान भरिए -

1. गुरु नानक देव बचपन से ही ________ थे।
2. छोटी सी आयु में ही यह महात्माओं तथा ________ की संगत में रहे।
3. इनका मन कभी ________ में नहीं लगता था।

प्र०2 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए -

1. साधारण -
2. परोपकार -
3. संगत -

प्र०3 निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर दीजिए -

1. गुरु नानक देव का जन्म कब हुआ था?

2. गुरु नानक देव के पिता का क्या नाम था?

3. पिता जी ने गुरु नानक देव को कितने रुपये दिए?

4. गुरु नानक का जन्म कहाँ हुआ था?

Scanned with CamScanner